रविवार
17 दिसंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



शोभायात्रा की शक्ल में निकली श्रीराम की बारात, हुई पुष्प वर्षा

3



भारत यात्रा पर ओमान के सुल्तान, प्रधानमंत्री बोले

# भारत-ओमान संबंधों में आज एक ऐतिहासिक दिन: मोदी



- सुल्तान हैथम बिन तारिक ने पीएम मोदी के साथ सुरक्षा, रक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के अहम मूद्दे में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत के तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे दिन शनिवार को सुल्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और द्रौपदी मूर्मू से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे, जहां उन्होंने पीएम मोदी के साथ सार्थक वार्ता की और सुरक्षा, रक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के अहम मूद्दे में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। खाड़ी देश के शीर्ष नेता के रूप में ओमान के सुल्तान की भारत की उनकी पहली यात्रा है। पीएम मोदी ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की शुरूआत में कहा- ओमान के सुल्तान के 26 साल बाद भारत की राजकीय यात्रा करने के कारण भारत-ओमान संबंधों में आज एक ऐतिहासिक दिन है। मैं पूरे भारत की तरफ से आपका स्वागत करता हूं। कहा, आज हम एक नया भारत-ओमान संयुक्त दृष्टिकोण, भविष्य के लिए एक साझेदारी को अपना रहे हैं। इस संयुक्त दृष्टिकोण में 10 अलग-अलग क्षेत्रों में ठोस कार्य बिंदुओं पर सहमति बनी है। मुझे विश्वास है कि संयुक्त दृष्टिकोण हमारी साझेदारी को एक नया और आधुनिक आकार देगा। साथ ही पीएम मोदी ने टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए ओमान को बधाई दी। टी 20 वर्ल्ड कप अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका की सह-मेजबानी में होगा। ओमान के सुल्तान को बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा, पिछले महीने, ओमान ने 2024 में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इसके लिए आपको बधाई देता हूं।

**कई मुद्दों पर सहमति:** भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा- दोनों नेताओं ने कई मुद्दों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है। बागची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- दोनों नेताओं ने राजनीति, सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और लोगों के बीच परस्पर संबंधों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की है। इतना ही नहीं उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार शेयर किए हैं।

## हर कोने में पहुंच रही है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरकार की योजनाओं से संबंधित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर कोने में पहुंच रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज, इस यात्रा को राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में हरी झंडी दिखाई गई है। मैं इन राज्यों की सरकारों से इस यात्रा को बढ़ावा देने का आग्रह करता हूं। पीएम मोदी ने इस अवसर पर विकसित भारत के संकल्प में देश के शहरों की बड़ी भूमिका का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम देश के टीयर 2 और टीयर 3 शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैंकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी भले ही मोदी ने दिखाई है लेकिन सच्चाई ये है कि आज देशवासियों ने उस यात्रा की कमान संभाल ली है। पीएम मोदी ने कहा, एक जगह जहां पर यात्रा खत्म होती है वहां से दूसरे गांव या शहर के लोग इस यात्रा की अगुवाई करने लग जाते हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है . इस यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है। इस एक महीने में ये यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है।

# काशी को 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे मोदी

- दो दिवसीय दौरे पर आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे पीएम
- वाराणसी और पूर्वांचल के लिए 37 परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास
- कन्याकुमारी से बनारस तक नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। इस दौरान वह काशी और पूर्वांचल के लिए 19 हजार करोड़ से अधिक की 37 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी करेंगे। मोदी रविवार दोपहर वाराणसी पहुंचेंगे, जिसके बाद वह काशी में लगभग 25 घंटे गुजारेंगे। वाराणसी दौरे के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी शाम को नमोघाट से काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी यहीं से कन्याकुमारी से बनारस के लिए काशी तमिल संगमम एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 17 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण के दौरान तमिलनाडु एवं पुडुचेरी के 1400 गणमान्य वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या की यात्रा करेंगे। साथ ही तमिलनाडु और काशी की कला, संगीत, हथकरघा, हस्तशिल्प, व्यंजन एवं अन्य विशेष उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा काशी और तमिलनाडु की संस्कृतियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। काशी तमिल संगमम के दूसरे संस्करण में साहित्य, दर्शन, अध्यात्म, संगीत, नृत्य, नाटक, योग और आयुर्वेद पर व्याख्यान भी होंगे। इसके अलावा इनोवेशन, ट्रेड, नॉलेज एक्सचेंज, एडुटेक एवं नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी पर सेमिनार भी आयोजित किये जाएंगे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दौरे के दूसरे दिन सोमवार को सेवापुरी विकासखंड के बरकी ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। पीएम मोदी यहीं से काशी और पूर्वांचल को 19,155 करोड़ की 37 परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। इनमें सड़क एवं सेतु, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, पुलिस कल्याण, स्मार्ट सिटी एवं नगर विकास परियोजनाएं, रेलवे, एयरपोर्ट सहित विभिन्न परियोजनाओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें 10 हजार करोड़ से अधिक की न्यू पं दीनदयाल उपाध्याय से न्यू भाऊपुर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना भी शामिल है। इसके अलावा 166 करोड़ की लागत से बनकर तैयार लहरतारा-फुलवरिया-शिवपुर फोर लेन सड़क का भी लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। सोमवार को ही प्रधानमंत्री वाराणसी के चौबेपुर उमरहा स्थित स्वर्वेद महामंदिर धाम का भी लोकार्पण करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी यहां आयोजित 25000 कुंडी स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के आयोजन में भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से तीन लाख लोगों के जुटने की संभावना है। प्रधानमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम और काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन भी कर सकते हैं।

## इनका होगा लोकार्पण

लहरतारा-फुलवरिया-शिवपुर 4 लेन एवं 2 रेल उपरगामी सेतु, 20 ग्रामीण एवं नगरीय सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, पीएसी भुल्लनपुर में 200 बेड एवं पुलिस लाइन में 150 बेड की क्षमता की बैरक, अलईपुर में 132/33 केवी एमवीए विद्युत उपकेंद्र का निर्माण, बलिया-गाजीपुर सिटी खंड के रेलवे लाइन का दोहरीकरण, इंदारा-दोहरीघाट रेल लाइन खंड का गेज परिवर्तन, जौनपुर जंक्शन-जौनपुर सिटी के मध्य नई बाईपास कॉर्ड लाइन, बैतालपुर, देवरिया पेट्रोलियम डीपो में सुविधाओं का विस्तारीकरण।

**इन परियोजनाओं का होगा शिलान्यास:** चित्रकूट में 800 मेगावाट सोलर पार्क, मीरजापुर में न्यू पेट्रोलियम टर्मिनल, वाराणसी भदोही एनएच 731बी का चौड़ीकरण, जल जीवन मिशन के अंतर्गत 69 पेयजल परियोजनाएं, बीएचयू के ट्रॉमा सेंटर में 150 बेड वाला क्रिटिकल केयर अस्पताल, 13 सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, नवीन समेकित माध्यमिक आवासीय विद्यालय, वाराणसी में 8 गंगा घाटों का पुनर्विकास, वाराणसी शहर में अलईपुर एवं नक्खीघाट के पास रेल लाइन पर सब वे।

## 18 से 19 दिसंबर के बीच शीतलहर के साथ ठंड में होगी बढ़ोतरी

**पटना।** राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। पिछले एक सप्ताह से राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान दस डिग्री के नीचे पहुंच चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पछुआ हवा का प्रवाह जारी है जिसके प्रभाव से धीरे धीरे ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अभी जो कारकों का प्रभाव चल रहा है उसके अनुसार 18 से 19 दिसंबर के बीच शीतलहर के साथ ठंड में विशेष बढ़ोतरी होने का पूवार्नुमान है। हालांकि कारकों का उतार-चढ़ाव होता है लेकिन पछुआ हवा का प्रभाव लगातार जारी है। इस कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ-साथ सुबह के समय हल्का कुहासा हो रहा है। 19 दिसंबर के बाद से ठंड के साथ सुबह में कुहासा भी अधिक होने की संभावना है।

# पीएमसीएच को बनाया जा रहा विश्वस्तरीय: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान पीएमसीएच के हॉस्पिटल ब्लॉक के पास स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निमार्णाधीन कार्य और मास्टर प्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निमार्णाधीन कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट वर्क की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि 48 एकड़ में फैले पीएमसीएच का पुनर्विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। 5,462 बेड का यह अस्पताल बनेगा। इसका निर्माण कार्य तीन फेज में कराया जा रहा है। पहले फेज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्रथम फेज में 2,073 बेड का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण हो जाएगा और उसके बाद दूसरे तथा तीसरे फेज का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल को विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है, जिसमें मरीजों को बेहतर ढंग की आधुनिक तकनीक से युक्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यहां कार्य करनेवाले चिकित्सकों से लेकर कर्मियों तक के लिए आवास का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पढ़नेवाले छात्र-छात्राओं के रहने के लिए भी बेहतर ढंग से छात्रावास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि पहले फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होते ही दूसरे और तीसरे फेज का निर्माण कार्य भी तेजी से पूर्ण करें। जब यह पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा तो मुझे काफी खुशी होगी। पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का जेपी गंगा पथ और अशोक राजपथ से बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करें ताकि मरीजों और उनके परिजनों को पीएमसीएच पहुंचने में कम समय लगे और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## केरल में कोरोना के नए सब वेरिएंट का मामला

**नई दिल्ली।** केरल में कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट जेएन.1 का पहला मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को कहा कि 79 वर्षीय महिला के नमूना की 18 नवंबर को आरटी-पीसीआर जांच की गई थी, जो संक्रमित पाया गया। महिला में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों के हल्के लक्षण थे और वह कोविड-19 से उबर चुकी है। देश में कोविड-19 के वर्तमान में 90 प्रतिशत से अधिक मामले गंभीर नहीं हैं और संक्रमित लोग अपने घरों में ही क्वारंटीन में रह रहे हैं। इससे पहले, सिंगापुर में एक भारतीय यात्री में जेएन.1 संक्रमण का पता चला था। यह व्यक्ति तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली का मूल निवासी है।

# लीड्स 2023 सर्वे...यूपी लगातार दूसरे साल बना अचीवर प्रदेश

- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी की जाती है सर्वे रिपोर्ट
- लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे, सेवाओं व मानव संसाधनों का होता है आंकलन

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को लगातार दूसरे साल लीड्स सर्वे रिपोर्ट 2023 में अचीवर्स प्रदेश की सूची में शामिल किया गया है। लीड्स (लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स) की रिपोर्ट में यूपी को लैंडलॉक राज्यों की श्रेणी में अचीवर्स घोषित किया गया है। बता दें कि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से विभिन्न राज्यों में लॉजिस्टिक्स ईज पर आधारित रिपोर्ट जारी की जाती है। इसके जरिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, रसद क्षमता में सुधार और लोगों और सामानों की निर्बाध आवाजाही के स्तर को मापा जाता है। लीड्स सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे, सेवाओं और मानव संसाधनों का आकलन करने के लिये एक स्वदेशी डेटा-संचालित सूचकांक है। यह रिपोर्ट राज्यों और संघ शासित राज्यों में लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर तैयार की जाती है। इसके तहत देश के सभी राज्यों के लिये रैंकिंग जारी की जाती है, जिन्हें चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। इनमें कोस्टल, लैंडलॉक, नार्थ ईस्ट और संघ शासित राज्यों के लिए तीन श्रेणियों अचीवर्स, फास्ट मूवर्स और एस्पायर्स में अलग अलग राज्यों को स्थान दिया जाता है। उत्तर प्रदेश को लगातार दूसरे साल अचीवर्स श्रेणी में स्थान हासिल हुआ है।

**एचीवर्स:** 2023 की लीड्स सर्वे रिपोर्ट में कोस्टल श्रेणी में आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक को एचीवर्स बताया गया है। वहीं लैंडलॉक श्रेणी में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और पंजाब शामिल हैं। ऐसे ही नॉर्थ ईस्ट श्रेणी में असम, सिक्किम और त्रिपुरा जबकि संघ शासित श्रेणी में चंडीगढ़ और दिल्ली शामिल हैं।

**फास्ट मूवर्स:** फास्ट मूवर्स के लिए कोस्टल श्रेणी में केरल, महाराष्ट्र हैं, जबकि लैंडलॉक श्रेणी में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड राज्यों को शामिल किया गया है। इसी प्रकार नॉर्थ ईस्ट श्रेणी में अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड के नाम हैं, जबकि संघ शासित प्रदेश में अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी को रखा गया है।

**एस्पायर्स:** ऐसे ही कोस्टल श्रेणी में गोवा, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को एस्पायर्स सूची में रखा गया है। लैंडलॉक श्रेणी में बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल और झारखंड को शामिल किया गया है। नॉर्थ ईस्ट के मणिपुर, मेघालय और मिजोरम को इस सूची में स्थान दिया गया है, जबकि संघ शासित श्रेणी में दमन दीव, दादरा और नागर हवेली, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को एस्पायर्स की सूची में रखा गया है।

बोधगया में 25 दिनों के प्रवास पर हैं तिब्बती आध्यात्मिक 14वें बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा

# धर्मगुरु दलाई लामा ने बोधि वृक्ष के नीचे की विशेष पूजा

**केटी न्यूज/गया**




तिब्बती आध्यात्मिक 14वें बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा बिहार के गया में स्थित विश्व धरोहर महाबोधी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने महाबोधी मंदिर के गृभगृह तथा बोधीवृक्ष के नीचे विशेष पूजा अर्चना की है। भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया के महाबोधी मंदिर में तिब्बती आध्यात्मिक बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा पहुंचे हैं। वह तिब्बती मंदिर से ई- रिक्शा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर में आए। बता दें कि दलाई लामा 15 दिसंबर को बोधगया पहुंचे थे। यहां तिब्बत मंदिर में प्रवास स्थल है। दलाई लामा बोधगया में लगभग 25 दिनों के प्रवास पर है। प्रवास के दौरान तिब्बत मंदिर से लेकर महाबोधी मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसी बीच सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का महाबोधी मंदिर में आगमन हुआ। इस दौरान उनके दर्शन व एक झलक पाने के लिए बौद्ध अनुयाई उत्साहित दिख रहे थे। दलाई लामा ने महबोधी मंदिर के गृभगृह में विश्वशांति के लिए विशेष पूजा अर्चना की तथा बोधी वृक्ष के नीचे साधना भी की। इस अवधी तक महाबोधी मंदिर में अन्य श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। दलाई लामा के पूजा के बाद आम श्रद्धालुओ के लिए महाबोधी मंदिर खोल दिया जाएगा।

बता दें कि बौद्ध धर्मगुरू दलाई लामा कड़ी सुरक्षा के बीच गया के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में पहुंचे। यहां डीएम व सीटी समेत कई अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। धर्मगुरु सॉक मार्ग से बोधगया पहुंचे है। तिब्बत मॉनस्ट्री में धर्मगुरु के आवासन के इंतजाम है। यहां सुरक्षा की व्यवस्था तगड़ी है। पुलिस के जवानों की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगामी कार्यक्रम में भी इनके शामिल होने की संभावना जताई गई है।

## मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को किया नमन

महाबोधि मंदिर पहुंचने के बाद सबसे पहले दलाई लामा ने मंदिर के गर्भगृह में जाकर भगवान बुद्ध को नमन किया। फिर विश्व शांति और दुनियां के सभी मानव जाति के कल्याण के लिए पूजा-अर्चना की। दलाई लामा तिब्बत मन्दिर से ई -रिक्शा से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बिच निकलकर महाबोधि मंदिर पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह में लगभग एक घंटे से ज्यादा समय तक पूजा अर्चना की। यहां बीटीएमसी सचिव डॉ महाश्वेता महारथी सहित अन्य सदस्यों ने उनकी अगुवानी की। उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष सूत्तपात पाठ किया और विश्व शांति की कामना की। मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने अपने धर्म गुरु को नमन किया। श्रद्धालु अपने धर्म गुरु की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। तिब्बती मंदिर से जैसे ही दलाई लामा निकले सड़क किनारे हजारों की संख्या में श्रद्धालु हाथ जोड़कर खड़े हो गए। महाबोधि मंदिर प्रवेश करने पर एक साथ खड़े होकर श्रद्धालु श्रद्धा से सिर झुकाकर उनका स्वागत किया। दलाई लामा ने भी हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।



### सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी मोड़ के समीप हादसा

# बेलगाम ट्रक की टक्कर से पटना से आरा अपने घर लौट रहे बाइक सवार तीन दोस्तों की मौत

- थाने में जब्त ऑटो का बेल कराने के सिलसिले में पटना गये थे तीनों दोस्त लौटते समय हुआ भीषण हादसा
- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव के रहने वाले थे तीनों दोस्त, एक साथ तीन मौत से मचा कोहराम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर कोईलवर थाना क्षेत्र के सकड्डी मोड़ के समीप शुक्रवार की रात भीषण सड़क हादसे में आरा के एक गांव के तीन दोस्तों की मौत हो गयी। पटना से लौट रहे बाइक सवार तीनों दोस्तों को बेलगाम ट्रक ने रौंद डाला। ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि तीनों बाइक सहित करीब 20 मीटर तक घसीटाते चले गए। उसमें तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद फोरलेन पर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी बीतन पासवान का 20 वर्षीय पुत्र कुंदन पासवान, जयपत पासवान का 21 वर्षीय पुत्र शिव लगन और भरत पासवान का 18 वर्षीय पुत्र धनजीत पासवान शामिल हैं। कुंदन पासवान और जयपत पासवान पेशे से ऑटो चालक है, जबकि धनजीत यूपी में एक लोहा फैक्ट्री में काम करता था। तीनों पटना के शाहपुर थाने में जब्त ऑटो का बेल कराने के सिलसिले में पटना के दानापुर गये थे। देर रात तीनों दानापुर से गांव लौट रहे थे। हादसे की सूचना पर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, एक साथ गांव के तीन लड़कों की मौत से कोहराम मच गया है।

**सुबह ग्यारह बजे घर से निकले थे तीनों दोस्त, बारह घंटे बाद मिली मौत की खबरः** बीतन पासवान ने बताया कि उनका बेटा कुंदन अपने दोनों दोस्तों के बीच शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजे घर से दानापुर जाने के लिए बाइक से निकला थे। उसके ठीक बारह घंटे बाद करीब 11बजे रात में हादसे की खबर मिली। स्थानीय पुलिस द्वारा फोन कर बताया गया कि आपके बेटे सहित तीन लड़कों का एक्सिडेंट हो गया। उसके बाद वह गांव के अन्य लोगों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तब पता चला कि तीनों की मौत हो गयी है। उसके बाद वह सदर अस्पताल पहुंचा। इधर,हादसे की खबर मिलते ही अलीपुर गांव में अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलते ही लोग जिस हालत में थे, उसी हालत में घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।



**तीनों दोस्तों को पीछे से रौंदते निकल गया तेज रफ्तार ट्रक**







अलीपुर गांव निवासी बीतन पासवान ने बताया कि उनका पुत्र कुंदन ऑटो चलाता था। करीब एक माह पूर्व पटना के शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा उसका ऑटो पकड़ लिया गया था। तब से ही वह ऑटो का बेल कराने में लगा था। उसी सिलसिले में शुक्रवार को वह अपने दोस्त शिव लगन और धनजीत के साथ बाइक से दानापुर गया था। शुक्रवार की रात तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे। उसी बीच सकड्डी मोड़ के समीप पीछे से आ रहा एक बेलगाम ट्रक बाइक सवार तीनों को रौंदते निकल गया। उस दौरान तीनों दोस्त बाइक सहित ट्रक में फंस गए थे और करीब 20 मीटर तक घसीटाते चले गए। उस कारण तीनों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

### 15 रोज पहले ही गाजीपुर से गांव आया था धनजीत

भोजपुर में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर टूटा है। इस बार एक साथ तीन दोस्तों की जान चली गयी। तीनों दोस्त की उम्र 18 से 21 वर्ष थी।बताया जा रहा है कि धनजीत कुमार पासवान उत्तरप्रदेश के गाजियाबाद स्थित लोहा प्लांट में हेल्पर का काम करता था। वह महज 15 दिन पूर्व ही गाजियाबाद से गांव वापस लौटा था। इसी बीच शुक्रवार की रात वह दोस्तों के साथ सड़क हादसे का शिकार हो गया। इधर, एक साथ तीन युवकों की मौत से जहां उनके घरों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव का माहौल भी गमगीन हो उठा। तीनों लड़कों के घरों में रोना-धोना शुरू हो गया। महिलाओं की चीत्कार से मोहल्ले और आसपास के लोगों भी कलेजा फटा जा रहा था।इधर, देर रात हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ गांव के काफी लोग भागे-भागे पहले घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद सभी अस्पताल भी पहुंचे, जिससे अफरातफरी मची रही।बताया जा रहा है कि कुंदन पासवान अपने दो भाई और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां मुन्नी देवी, भाई मंटू पासवान और बहन दुर्गा कुमारी है। जयपत पासवान अपने तीन भाई और दो बहनों में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां श्याम सुंदर देवी, भाई चुन्नू पासवान, जय लगन पासवान, बहन सोनी देवी और हीरामुनी देवी है। वहीं धनजीत कुमार अपने तीन भाई बाद दो बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां शिला देवी, भाई रंजीत कुमार, मन्नू कुमार, बहन तेतरी कुमारी और सरिता कुमारी है।

## स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी ठोकर महिला की मौत, बेटा जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

बड़हरा थाना क्षेत्र के करजा गांव मोड़ के समीप शनिवार की शाम बेलगाम स्कार्पियो ने बाइक में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा जख्मी हो गया। हादसे में उसका भाई और बेटी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद चालक स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो गया।

मृत महिला बड़हरा थाना क्षेत्र के लाल के टोला गांव निवासी राजू राय की 28 वर्षीय पत्नी इंदू देवी थी। जख्मी उसका बेटा ऋषभ कुमार है, जिसका सर फट गया है। उसका इलाज कराया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मृत महिला के भाई उदवंतनगर निवासी सोनू कुमार ने बताया कि उसके भांजे ऋषभ की तबीयत खराब थी। उसको लेकर उसकी बहन अपनी बेटी सलोनी और बेटे ऋषभ के साथ शुक्रवार को मायके उदवंतनगर आयी थी। शनिवार की शाम वह बहन, भांजा और भांजी को बाइक से उसके ससुराल लाल के टोला गांव पहुंचाने जा रहा था। रास्ते में करजा मोड़ के पास उसके भांजा और भांजी गाड़ी से लटकने लगे। उसको लेकर उसकी बहन इंदु देवी ने कहा कि भाई थोड़ा गाड़ी रोको। दोनों को ठीक से बैठा लेती हूं। उसने बाइक रोकी, तभी पीछे से आ रही स्कार्पियो ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। उसमें उसकी बहन इंदू देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



## बाइक सवार मां-बेटे को डंपर ने रौंद डाला, मां की मौत

- सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर चांदी चौक के पास घटना
- आक्रोशित लोगों ने की सड़क जाम, 5 घंटे बाधित रहा मार्ग

**केटी न्यूज/आरा**

सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर चांदी चौक पर शनिवार की सुबह बेलगाम डंफर ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंद डाला। उसमें मां की मौके पर ही ही मौत हो गई, जबकि बेटा मामूली रूप जख्मी हो गया। मृत महिला संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव निवासी स्व. संजय कुमार की 50 वर्षीया पत्नी अर्चना कुंवर थी। वहीं घटना के बाद चालक डंपर छोड़ मौके से फरार हो गया। हालांकि बाद में उसे कुल्हड़िया ओवरब्रिज के पास पकड़ लिया गया। चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

इधर, घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। गुस्साए लोग शव के साथ सड़क पर उतर गये और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। उस दौरान पुलिस के साथ लोगों की नोंकझोंक भी हुई।उस कारण सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाइवे पर करीब पांच घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में कोईलवर आंचल इंस्पेक्टर गौतम कुमार, संदेश थाना इंचार्ज अवधेश कुमार और चांदी थानाध्यक्ष सौरभ कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और समझाकर लोगों के गुस्से को शांत कराया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

इधर, महिला के बेटे राहुल कुमार ने बताया कि वह अपनी मां के साथ पुजारी जी से मिलने और खरीदारी करने पटना के बिहटा जा रहा था। उसी दौरान चांदी चौक के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मारी दी। उससे उनकी मां की घटनास्थल पर ही मौत गई। वह भी आंशिक रूप से जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि महिला को पुत्री अंजली, मेघाली और पुत्र राहुल है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया।

## अनियंत्रित ऑटो ने खड़े ट्रैक्टर में पीछे से मारी ठोकर, दर्जन भर छात्राएं जख्मी



**आरा।** आरा-पटना हाइवे पर टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा गांव के समीप शनिवार की दोपहर एक अनियंत्रित ऑटो ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में ठोकर मार दी। उसमें हादसे में ऑटो पर सवार दर्जन छात्राएं जख्मी हो गयीं। उनमें छह गंभीर रूप से जख्मी है, जबकि पांच अन्य को मामूली चोटें आयी है। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी स्व. कासिम की पुत्री जूही खातून, कयूम अंसारी की पुत्री मुस्कान खातून, कुंडेश्वर गांव निवासी रामजी यादव की पुत्री तारा कुमारी, वीरपुर गांव निवासी काजू पासवान की पुत्री चंदा कुमारी, रानीसागर गांव निवासी राजेश पांडेय की पुत्री आरती कुमारी, सहजौली गांव निवासी रामाकांत चौधरी की पुत्री पूजा कुमारी और चालक ओम प्रकाश गोड़ है। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। आरती ने बताया कि सभी लड़कियां शाहपुर ब्लॉक कौशल युवा कार्यक्रम नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र में अपना नामांकन कराने गयी थी। वहां फार्म भरने के बाद सभी को आरा के धनुपरा स्थित कुशल युवा कार्यक्रम नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र कार्यालय में फार्म पर हस्ताक्षर के लिए भेजा गया था। उसके बाद कुल ग्यारह लड़कियां शाहपुर ब्लॉक से ऑटो से आरा के धनपुरा रही थी। उसी दौरान धनपुरा गांव के समीप उनकी चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और ऑटो ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में ठोकर मार दी।

### हर हाल में करें लंबित कांडों का निष्पादन: एसपी

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने अपने कार्यालय कक्ष में रफीगंज एवं दाउदनगर अंचल में 300 दिनों से अधिक समय से लंबित कांडो से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। एसपी ने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन हेतु थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कांडों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले 03 अनुसंधानकर्ता से जवाब मांगा गया। निर्देश दिया कि हर हाल में लंबित कांडों के निष्पादन की दिशा में रुचि दिखाएं।

# आरा में घर के सदस्यों व पुलिस के बीच रोड़ेबाजी तीन महिला पुलिसकर्मी समेत सात लोग जख्मी





**केटी न्यूज/आरा**

शहर के टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ले में शनिवार की शाम घर पर दखल-दहानी की प्रक्रिया करने गए पुलिस व घर के सदस्यों के बीच रोड़ेबाजी हो गई। रोड़ेबाजी के दौरान दोनों पक्षों से तीन महिला पुलिसकर्मी सहित सात लोग जख्मी हो गए। जिसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में एक पक्ष से पुलिस लाइन में पदस्थापित तीन महिला पुलिसकर्मी शकुंतला कुमारी, बेबी कुमारी,खुशबू कुमारी,बैंक की रीजनल लीगल मैनेजर रेणु राय शामिल हैं। जबकि दूसरे पक्ष की उक्त घर की महिला सदस्य शशि देवी व उनकी दो पुत्री मीनाक्षी एवं खुशी शामिल हैं।

इस रोड़ेबाजी के दौरान महिला पुलिसकर्मी में खुशबू कुमारी का सिर फट गया। जबकि शकुंतला कुमारी का हाथ की दो उंगलिया कट गई है। वहीं बेबी कुमारी को मामूली रूप से चोटें आई हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पटना में स्थित हिंदुजा बैंक से उक्त घर की महिला शशि देवी के पति संतोष सिंह द्वारा लगभग 45 लाख रुपया होम लोन के रूप में लिया गया था। जिसकी भरपाई नहीं की गई। जिसका इंटरेस्ट एवं मूल लेकर लगभग करोड रुपए के आसपास हो गया था।

इस संबंध में शनिवार की शाम हिंदुजा बैंक की रीजनल लीगल मैनेजर रेणु राय,दो बैंक कर्मी पुलिस बल के साथ घर को सील करने के लिए आनंद नगर मोहल्ले में गई थी और जैसे ही वे लोग वहां पहुंचे। तभी पुलिस को देख घर की महिला ने जोर से घर का दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद घर के दरवाजे में शीशा चकनाचूर हो गया। इसके बाद उसी शीशे से घर की महिलाओं द्वारा पुलिस बल एवं बैंक कर्मी पर हमला कर दिया। जिसके तीन महिला पुलिसकर्मी बेबी कुमारी, खुशबू कुमारी, शकुंतला कुमारी एवं बैंक की रीजनल लीगल मैनेजर रेणु राय जख्मी हो गई। इधर घर दखल-दहनी में जख्मी महिला सिपाहियों के साथ पुलिस लाइन से गए पुलिस जवान भीम सिंह ने बताया कि उन्होंने बैंक से 46 लाख रुपए लोन लिया था। उसी को लेकर हमलोग बैंक कर्मियों के साथ उनके घर को सील करने गए थे। तभी घर की लड़कियों ने तीनों महिला पुलिस पर हमला कर दिया। जिसमें तीनों जख्मी हो गई। जबकि उक्त घर की जख्मी महिला शशि देवी ने बताया कि पुलिस और बैंक कर्मी उनके घर आए और कहा कि हमलोग बैंक से आए हैं। आप लोग घर से बाहर निकलिए हमे घर को सील करना है। तभी उन्होंने कहा कि मेरे घर पर अभी कोई पुरुष नहीं है। कॉल करने दीजिए और हम तीन जवान लड़की लेकर घर से बाहर कैसे जाएंगे। लेकिन वे लोग नहीं मानी और घर में घुस गई। जब हमलोग घर का दरवाजा बंद करने लगे। तभी घर के दरवाजे में लगा शीशा टूट गया। जिसके बाद उन लोगों द्वारा उसी शीशे को उन पर चला दिया गया। जिससे सभी महिला पुलिसकर्मी एवं हमलोग जख्मी हो गए।

इस मामले में भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि उक्त के संबंध में ऐसी कोई बात नहीं है। एक दखल-दहनी के मामले में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस केंद्र और स्थानीय थाना से कुछ पुरुष और महिला सिपाही और पदाधिकारी पर नियुक्त थे। उस प्रक्रिया के तहत किसी कमरे के दरवाजा में शीश लगा था और इस प्रक्रिया के तहत शीशा टूट गया था। उसी टूटे हुए शीशे से संबंधित घर की कोई लड़की किसी महिला सिपाही के ऊपर शीशा फेंक दी थी। जिससे एक सिपाही को हल्की चोट आ गई थी। बाकी और कोई मामला नहीं है। दखल-दहनी की प्रक्रिया जारी है।

### नक्सलियों के मंसूबों पर फिरा पानी, जंगल से दो केन आईडी बरामद

**औरंगाबाद।** नक्सलियों द्वारा हमले की साजिश को सुरक्षा बलों ने नाकाम किया है। इस दौरान पहाड़ी और जंगली इलाके से तीन किलो का दो केन आईडी बम बरामद किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार एवं सीआरपीएफ 205 कोबरा बटालियन के सहायक समादेष्टा रोबर्ट हॉकीप के नेतृत्व में जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरूखिया, चकरबंधा एवं इसके आस-पास इलाकों में की हैं। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अभियान मुकेश कुमार ने बताया कि जिला पुलिस एवं सीआरपीएफ के संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों के खतरनाक प्लान को सुरक्षा बलों ने नकाम कर दिया जिससे नक्सलियों के सुरक्षा बलों पर हमले की मंसूबों पर पानी फिर गया। इस दौरान तीन किलोग्राम का दो केन आईडी बम बरामद किया गया। जबकि नक्सली मौके से फरार हो गए। इस छापामारी अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों का मनोबल गिरा हुआ है। नक्सलियों के विरूद्ध सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा ताकि उनके गतिविधि पर अंकुश लगाया जा सके।

## एक नजर

### कृष्ण महिला कॉलेज में छात्राओं ने किया हंगामा

**जहानाबाद।** कृष्ण महिला कॉलेज में शनिवार को छात्राओं ने हंगामा कर दिया। छात्राओं का आरोप है कि कुछ दिन पहले हम लोग रजिस्ट्रेशन कराए थे। लेकिन जब उसकी सूची आई तो उसमें बड़ी संख्या में नाम एवं पता गलत लिखा गया है। जबकि इसकी सुधार के लिए दो दिन समय रखा गया है। लेकिन जब हम लोग सुधार करने के लिए कॉलेज पहुंचे तो कॉलेज के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि पोर्टल नहीं खुल रहा है जिसके कारण हम लोगों के नाम एवं पता सुधार नहीं हो रहा है। जबकि कई कॉलेजों में पहले ही लोगों को सूचित कर सुधार करने के लिए कहा गया, लेकिन इस कॉलेज में कर्मचारी के मनमानी रवैया के कारण अंतिम समय में सुधार के लिए रखा गया है। जब पोर्टल नहीं खुल रहा है तो हम लोगों का नाम सुधार कैसे होगा जिसके कारण हम लोग फॉर्म भरने से वंचित रह सकते हैं। इसी बात को लेकर छात्राओं ने कॉलेज परिसर में हंगामा करने लगे इस बाबत पूछे जाने पर प्रोफेसर निर्भय कुमार ने बताया कि मगध यूनिवर्सिटी द्वारा रजिस्ट्रेशन के नाम एवं पता में गलती किया गया है। जिसको सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है। पोर्टल नहीं खुलने के कारण तकनीकी खराबी आ रही है जिसके कारण रजिस्ट्रेशन में सुधार नहीं हो रहा है ,इसी को लेकर छात्राओं ने हंगामा किया है जैसे ही पोर्टल खुलेगा सभी लोगों को नाम एवं रजिस्ट्रेशन में सुधार किया जाएगा।।

### सीडीपीओ ने किया 10 आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड अंतर्गत समेकित बाल विकास परियोजना के तहत संचालित दस आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण सीडीपीओ ने किया जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सीडीपीओ मंजू कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान शिवगंज आंगनबाड़ी सेविका प्रतिमा कुमारी के केंद्र पर 28 बच्चे, तेलडीहा आंगनबाड़ी सेविका रजमतीया देवी केन्द्र में 27 बच्चें, वार बाजार स्थित आंगनबाड़ी सेविका अनिता प्रसाद केन्द्र में 26 बच्चे तथा कुशहा आंगनबाड़ी सेविका सुनिता कुमारी केन्द्र में 29 बच्चे, सैलवां आंगनबाड़ी सेविका चन्द्रावती देवी केन्द्र, अटल बिगहा, आंगनबाड़ी सेविका मीना देवी, मंगरावां आंगनबाड़ी सेविका कुंती देवी केन्द्र सहित अन्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सभी केन्द्रों पर पोषाहार दिया जा रहा है। वार बाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चें कम पाए गए। इस केन्द्र की सेविका बीमार थी। सहायिका चला रही थी। उसे हिदायत किया गया कि बच्चों को केन्द्र लाएं। उन्होंने बताया कि सरकार की स्तर से ही पोषाहार में कटौती की गई है। 8 धातृ महिलाओं और 8 गर्भवती महिलाओं का पोषाहार मिलना है। 15 कुपोषित बच्चों और 2 अति कुपोषित को पोषाहार दिया जाना है। सरकारी प्रावधानों के अनुरूप पोषाहार दिया जा रहा है। एक सुपरवाइजर को 25 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करना है। सीडीपीओ को प्रति माह 35 केन्द्रों निरीक्षण करना है।इस अवसर पर सुपरवाइजर चांदनी कूमारी और सुपरवाइजर जिज्ञासा कुमारी मौजूद थीं।

### बिहार स्टेट बार काउंसिल की चुनावी सरगर्मी तेज, प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**औरंगाबाद।** बिहार बार काउंसिल पटना की चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज है। 20 दिसंबर को मतदान होना है, जिसे लेकर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद परिसर में उम्मीदवारों का दौरा जारी है। पटना हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता राजीव कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने जिला विधिक संघ का दौरा किया और अधिवक्ताओं से मिलकर समर्थन की अपील की। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्या जैसे वेलफेयर मेंबर, पेंशन, आदि विषय पर भी चर्चा की। उन्होने कहा कि औरंगाबाद हमारी जन्मभूमि है और हाईकोर्ट पटना मेरा कर्मभूमि है। अधिवक्ताओं की हित में सदैव तत्पर रहूंगा। इस मौके पर कई वरीय एवं युवा अधिवक्ता सहित सतीश कुमार स्नेही मौजूद रहे।

### आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पति-पत्नी सहित चार जख्मी

औरंगाबाद। हसपुरा थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार की दोपहर आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई। इस घटना में पति-पत्नी समेत चार लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में 32 वर्षीय जय भगवान प्रसाद, 28 वर्षीय पत्नी जय प्रमिला देवी, 18 वर्षीय पुत्री जय निशा वर्मा एवं 14 वर्षीय पुत्री जय निजु वर्मा शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी जय प्रमिला देवी ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति के साथ पुराने विवाद का मामला चल रहा है। दो दिन पूर्व उक्त लोगों द्वारा पुराने विवाद को लेकर अचानक घर पर पथराव किया गया था। इस दौरान किसी तरह मामले को शांत कराया गया। शुक्रवार की दोपहर पति खेत तरफ फसल देखने गए थे। इसी दौरान उक्त लोगों ने लाठी-डंडे से पुरुषों की गैर मौजूदगी में हमला किया गया। जब जय भगवान को इस बात की जानकारी मिली तो वह घर पहुंचा। इस दौरान दोनों के बीच कहा सुनी शुरू हो गई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। घटना के बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सूचना यह भी मिली कि मारपीट में दूसरे पक्ष से भी लोग जख्मी हुए हैं, लेकिन उनसे संपर्क न होने के कारण उनका पक्ष नहीं रखा जा सका। हसपुरा थानाध्यक्ष अजय शंकर ने बताया कि मारपीट मामले में सूचना मिली है। दोनों पक्षों द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।



# उद्घाटन मैच में अपने होम ग्राउंड पर महज 36 रनों पर आउट हो गई रविकांत एकादश की टीम

- डुमरांव के ऐतिहासिक हाइस्कूल के मैदान में शहीद रविकांत क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज
- देवघर की टीम ने डुमरांव की टीम को 123 रनों से हराया
- डुमरांव टीम के पांच बल्लेबाज खाता भी नही खोल सके



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहीद रविकांत सिंह आईपीएस मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज शनिवार को डुमरांव के ऐतिहासिक राज हाइस्कूल के खेल मैदान में भव्य तरीके से हुआ। एलेवन स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस टूनार्मेंट के पहले मैच में देवघर के टीम की बैटिंग व बॉलिंग का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। मैच देखने के लिए उमड़ी हजारों दर्शकों की भीड़ आखिरी क्षण तक मैच का आनंद ले तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाडियों को उत्साहवर्धन करती रही। देवघर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। अपने खिलाड़ियों के शानदार बैटिंग के दम पर टीम ने 21 ओवर में नौ विकेट खोकर 159 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रविकांत एकादश टीम के सामने रखा। देवघर की तरफ से अमित ने सर्वाधिक 22 रन बनाये जबकि रविकांत एकादश की तरफ से हिमांशु ने चार विकेट झटके। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रविकांत एकादश की टीम महज 36 रनों के स्कोर पर ही सिमट गयी। रविकांत एकादश की टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक को छू ना सका। टीम के पांच बल्लेबाज खाता भी नही खोल सके। देवघर की तरफ से नंद किशोर ने चार तो अमरेंद्र और विक्रम ने दो-दो विकेट हासिल किये। गेंदबाजों के इस धाकड़ प्रदर्शन के बदौलत देवघर की टीम 123 रनों से शानदार जीत हासिल की। अपनी शानदार गेंदबाजी से रविकांत एकादश के बल्लेबाजों को धूल चटाने वाले नंद किशोर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के दौरान कमेंटेटर के रूप में मनोज कुमार और कुमार अनिकेत मौजूद रहे जबकि स्कोरर के रूप में सतीश जायसवाल मौजूद रहे।

मैच के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर इनामों की बौछार होता रहा। इसके पूर्व क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन कनक सिंह, एसडीएम कुमार पंकज, एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी और राज उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय शंकर ओझा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। अतिथियों ने शहीद आईपीएस रविकांत सिंह के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। राष्ट्रीय गान के साथ मैच की शुरूआत हुई। आगत अतिथियों द्वारा ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस क्रिकेट टूनार्मेंट के विजेता टीम को एक लाख 51 हजार जबकि उप विजेता टीम को 51 हजार की राशि प्रदान की जायेगी। रविवार को देवघर और पटना के बीच मुकाबला होगा। मौके पर नरेंद्र नाथ ओझा, संजय शर्मा, संजय तिवारी, पीयूष प्रिंस, अश्विनी चौबे, दिलीप शर्मा, अरविंद चौरसिया, इस्लाम अंसारी, मनोज जायसवाल, जियाउल हक, सर्वेश पांडेय सहित अन्य मौजूद थे। बता दें कि 16 दिसंबर से शुरू हुए इस क्रिकेट महाकुंभ में 9 टीमें हिस्सा ले रही हैं। ग्रुप ए टीम में देवघर, पटना, मुजफ्फरपुर, हरियाणा और रविकांत एकादश की टीम शामिल है जबकि ग्रुप बी में रांची, लखनऊ, दिल्ली और कलकत्ता की टीम है। टूनार्मेंट के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिलाड़ी के साथ रणजी टीम के खिलाडी भी नजर आयेंगे। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 23 दिसंबर को होगा।

## खबरें फटाफट

### डुमरांव से दो बाइक की चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव में बाइक चोरी की घटनाओं में इजाफा होने से लोगों के बीच भय बन गया है। सरेआम बाइक की चोरी कर उचक्के पुलिस को चुनौती दे रहे है। पहली घटना उपकारी ब्रह्म बाबा के समीप हुई, जहां से चोरों ने सड़क किनारे खड़ी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। बाइक टीवीएस राइडर, जिसका नंबर बीआर 44 क्यू 9432 बताया जाता है। इस मामले में पीड़ित वंश राय की गली निवासी विनोद कुमार शर्मा के पुत्र पृथ्वीराज शर्मा ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह अपनी बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर मंदिर में पूजा करने चला गया। जब बाहर आया तो बाइक उक्त जगह से नदारद थी। थक-हारकर डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया तो वहीं दूसरी ओर मुरार थाना क्षेत्र के चौंगाई गांव निवासी धीरेंद्र सिंह की बाइक शहर के पशुपालन अस्पताल के सामने खड़ी थी, जो चोरों ने चोरी कर ली। बाइक हीरो जिसका नंबर बीआर 44 एम 0469 बताया जाता है। पीड़ित अपने केस के सिलसिले में सिविल कोर्ट आया था। वह बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर कचहरी के अंदर चला गया। जब वह बाहर आया तो बाइक गायब थी। खोजबीन करने पर जानकारी नहीं मिली।

## बक्सर में सीताराम विवाह महोत्सव, कलियुग में दिखा त्रेता युग का नजारा

# शोभायात्रा की शगल में निकली श्रीराम की बारात, जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा









**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को सीताराम विवाह महोत्सव स्थल से भगवान श्रीराम समेत चारों भाइयों की बरात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान चारों भाईयों समेत पूरे देवलोक की झांकी के दर्शन के लिए पूरा बक्सर उमड़ पड़ा था। जगह जगह शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धालु भगवान श्रीराम व माता सीता के जयकारे लगा रहे थे। दोपहर बाद निकली यह शोभा यात्रा शहर में आकर्षण का केन्द्र बना रहा। प्रभु श्रीराम के बारात में शामिल देवताओं की मनोहारी झांकियां कलियुग में त्रेतायुग की नजारा पेश कर रही थी। जिसके साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से साधु-संत व श्रद्धालु पहुंचे थे। श्रीराम बरात के इस अद्भुत नजारे की एक झलक पाने को बच्चे, बूढ़े या युवा दोनों तरफ सड़कों के किनारे पलक पांवड़े बिछाए उनकी राह निहार रहे थे। जिनमें महिलाओं की तादाद देखते ही बन रही थी।

**भगवान के बारात में नाचते गाते निकले बाराती:** श्रीराम की बारात शोभायात्रा का अलौकिक नजारा देखने को मिल रहा था, जहां लंबे काफिले में शुभ के प्रतीक नेवला, काक भुसुंडी तो थे ही, श्रीगणेशजी, भगवान शिव, ब्रह्मा समेत पूरा देवलोक शामिल था। इस कारवां में ऋषि-मुनियों के साथ मंत्री व अयोध्या नरेश दशरथ अलग-अलग रथों पर सवार होकर मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रहे थे। इस आयोजन के पूज्य संत श्रीनारायणदासजी भक्तमाली मामाजी व उनके गुरू महर्षि खाकी बाबा के तैल्य चित्रों की झांकियां इस यात्रा की अगुवाई कर रही थी। उनके पीछे बैंड बाजों के साथ बारातियों की टोली भजन गाते हुए झूमती-नाचती चल रही थी।

**नया बाजार से निकल एम वी कॉलेज में पहुंची बारात:** आयोजन स्थल से चली बरात अपने जनवासा महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय परिसर पहुंची। जहां श्रद्धालु महिलाओं ने मांगलिक गीत गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहां जाने के बाद परिसर स्थित महोत्सव के प्रणेता नेहनिधि श्री नारायणदास जी भक्तमाली मामाजी के सद्गुरु पूज्य संत श्री खाकी बाबा के मंदिर में आश्रम के महंत श्री राजाराम शरणजी महाराज के सान्निध्य में पूजा-अर्चना की गई।

**शहर में जगह जगह बनायी गयी थी रंगोली:** इस रस्म को पूरा करने के बाद बराती शहर के विभिन्न सड़कों से होते हुए मामाजी की जन्म स्थली पांडेयपट्टी पहुंचे। इनके स्वागत को शहर में जगह-जगह रंगोलियां बनाई गईं थीं। बराती जिस किसी रास्ते से गुजर रहे थे उनके आगवानी में पहले से खड़े थे श्रद्धालु तथा भगवान श्रीराम की आरती उतार संतों को जलपान करा रहे थे। नगर भ्रमण के बाद बरात दूसरे पड़ाव पांडेयपट्टी पहुंची,जहां बारातियों को भोजन कराकर विवाह स्थल के लिए रवाना किया गया।

## एक नजर

### जल्द ही चक्की सीएचसी को मिलेगा अपना भवन, नये साल में मिलेगी सौगात

**चक्की।** चक्की पीएचसी को सीएचसी में तब्दील होने के बाद विभाग द्वारा इसके नये भवन का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। नये साल में इसका सौगात प्रखंड वासियों को मिलेगा। 30 बेड वाले सीएचसी भवन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जहां मरीजों को इलाज की हर आधुनिक सुविधाएं मिलेगी वही यहां कार्यरत डॉक्टरों तथा कर्मियों को भी बेहतर सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बता दें कि अब तक चक्की सीएचसी मनरेगा भवन में संचालित हो रहा था। उधार के भवन में इस अस्पताल के संचालित होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उम्मीद है कि अप्रैल 2024 तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों की खुशी बढ़ गई है। बता दें कि चक्की दियारा इलाका है, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू से ही बदहाल रही है। वही अब सीएचसी का नया भवन बनने के बाद उम्मीद जताया जा रहा है कि चक्की जैसे दियारा इलाके में अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।

**साढ़े छह करोड़ से अधिक के लागत से बन रहा है अस्पताल का भवन:** अस्पताल भवन के निर्माण के लिए कुल 6 करोड़ 59 लाख 67 हजार 750 रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। भवन निर्माण का कार्य 12 दिसंबर 2022 को प्रारंभ हुआ था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण कार्य 15 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। मिली जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही भवन विभाग को सौंप दिया जाएगा। उम्मीद है कि अप्रैल में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि भवन के अभाव में फिलहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनरेगा के भवन में चल रहा है। इसमें दो-तीन कमरे ही हैं इसी कमरे में ओपीडी से लेकर ऑपरेशन तक करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि नए स्वास्थ्य केंद्र को देखते हुए यहां मैन पॉवर भी बढ़ाना होगा।

### बीडीओ ने कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण



**केसठ।** शनिवार को प्रखंड अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय केसठ में दर्जनों बच्चियों के बीच बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने गर्म कपड़ों का वितरण किया। इसके तहत स्वेटर, ब्लेजर, इनर सहित अन्य गर्म कपड़े का वितरण किया गया। वितरण समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ ने छात्राओं को ठंड में स्वस्थ रहने को ले कई परामर्श दिए। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किए। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए छात्राओं के बीच स्वेटर, ब्लेजर, इनर, स्कार्फ सहित अन्य ठंड प्रतिरोधक पोशाक का वितरण किया गया। इस मौके संचालक मुकेश यादव, अजय कुमार विक्रांत, वार्डन रीना देवी सहित अभिभावक मौजूद थे।

### 25 को डुमरी में आयोजित होगी घुड़दौड़ प्रतियोगिता



**सिमरी।** प्रखंड के डुमरी गांव स्थित डीके मेमोरियल कॉलेज परिसर में 25 दिसंबर को घुड़दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन पंडित रजनीकांत चौबे के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सह भोजपुरी के चर्चित गायक कमलबास कुंवर करेंगे। इस संबंध में आयोजक रजनीकांत ने बताया कि प्रतियोगिता प्रदेश स्तरीय होगी तथा इसमें बिहार के कई जिलों से घोड़ रेस में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में चार तरह के घोड़ दौड़ आयोजित किए गए है, जिनमें नाकंद घोड़ा, दो दांत घोड़ा, पाठा घोड़ा तथा घोड़ी दौड़ शामिल है। वही इस आयोजन को सफल बनाने में पंचाय के मुखिया प्रेम सागर कुंवर, नान्हमुटी कुंवर, विमलेश चौबे, हरेन्द्र कुंवर, रमेश कुंवर, विश्वनाथ चौबे, चंदन कुंवर, रामकुमार चौबे, दीपू चौबे समेत कई अन्य ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

## इसी महीने बनकर तैयार हो जाएगा इटाढ़ी गुमटी पर बनने वाला छोटे वाहनों का पुल

**केटी न्यूज/बक्सर**

इटाढ़ी रेलवे क्रॉसिंग पर हर दिन लगने वाले जाम से अब लोगों को जल्दी ही निजात मिलेगा। इस रेलवे क्रासिंग पर छोटे वाहनों के लिए बनाया जा रहा पुल इस महीने की आखिरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। हालांकि आरोबी के साथ ही इस पुल का निर्माण कार्य मंथर गति से चल रहा था। बावजूद इसके एक पखवाड़े में पूरा होने की उम्मीद बनी है। अब इस पुल के फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। बता दें कि इटाढ़ी रेवले क्रॉसिंग पर घंटो लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए रेलवेने इसे चौड़ा किया है। बावजूद जाम से छुटकारा नहीं मिल सका है। लेकिन पुल निर्माण के बाद जाम का स्थायी हल निकल जाएगा। बता दें कि इस पुल के दोनों छोर को जोडने वाली सड़क का निर्माण कार्य के तहत मास्टशिफ्ट का कार्य पुरा हो गया है। वही पथ वे का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण के तहत छोटे वाहनों के पुल का निर्माण कार्य में फिलहाल तेजी दिख रही है। जानकारी के अनुसार दिसंबर के अंत तक बाकी सभी कार्य पूरा कर लिये जाने की बात कही गयी है। जिसके बाद नये साल में इटाढी रेलवे क्रॉसिंग पर होने वाली जाम से अपेक्षाकृत लोगों को निजात मिल सकेगी।

## डुमरांव की मुख्य सड़क से शुरू हुआ जल निकासी का काम

**केशव टाइम्स**
**खबर का असर**

**केटी न्यूज/डुमरांव**




डुमरांव में शनिचरा बाबा के पास सड़क पर बहता है नाली का पानी, नप नहीं करती निगरानी

स्थानीय नगर परिषद क्षेत्र के एनएच 120 मुख्य सड़क पर लगें गंदे पानी को नगर परिषद ने पंप सेट से जल निकासी का काम शनिवार से शुरू कर दिया। मुख्य सड़क के तीन-चार जगहों पर गंदे पानी के जमाव से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी थी। इस समस्या को लेकर केशव टाइम्स ने शनिवार को पेज संख्या तीन पर डुमरांव में शनिचरा बाबा के पास सड़क पर बहता है नाली का पानी, नप नही करती निगरानी शीर्षक से इस खबर को प्रमुखता पूर्वक प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद नगर परिषद प्रशासन ने संज्ञान लिया और जलजमाव वाली जगहों पर पंप सेट लगाकर जल निकासी शुरू की। सड़कों पर से जल निकासी किये जाने से लोगों को राहत मिली है। बतादें कि शहर के मुख्य सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग 120 के स्टेशन रोड स्थित शनिचरा बाबा मंदिर, जतकुटवा बस्ती सहित कई स्थानों पर नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा था, जिस गंदे पानी से गुजरकर लोग अपने घरों को पहुंचते थे। सड़क के दोनों किनारे नालियों का निर्माण नही होने से बरसात के दिनों में जलजमाव जैसी स्थिति बन जाती है। इससे राहत दिलाने के लिए नगर परिषद नाली निर्माण करायेगा। गंदे पानियों के बहाव अवरुद्ध होने से लोगों को खासकर महिलाएं व स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ती हैं। नगर परिषद प्रशासन इस मामले में उदासीन बना है। नप के इस रवैये से लोगों के बीच आक्रोश बना था। गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, डायरिया जैसे जानलेवा बीमारियों की आशंका बन गयी थी। नप के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि सड़कों पर हुए जलजमाव को पंपिंग सेट से जल निकासी करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड की सहमति के बाद दोनों तरफ नालियों का निर्माण कराया जायेगा।

## चौसा नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने मुख्य पार्षद के खिलाफ खोला मोर्चा, लगाए आरोप, कहा...

# चौसा में ठप हैं विकास योजनाएं, अनदेखी करती हैं मुख्य पार्षद

**केटी न्यूज/चौसा**




शनिवार को चौसा नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने मुख्य पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नप कार्यालय के पास एकजुट हुए पार्षदों ने मुख्य पार्षद तथा कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षदों ने हड़ताल की धमकी भी दी। आक्रोशित पार्षदों का कहना था कि चौसा नगर पंचायत का गठन हुए लगभग एक साल हो गए है। लेकिन अभी तक नगर पंचायत द्वारा विकास कार्य शुरू भी नहीं किया गया है। जिससे नगरवासी प्रतिनिधियों से खासे नाराज हैं। पार्षदों का कहना था कि बोर्ड व सशक्त समिति की बैठक की प्रोसेडिंग बनाने में मनमाना रवैया अपनाया जाता है तथा जबरदस्ती हस्ताक्षर करने को कहा जाता है। जिससे वार्ड प्रतिनिधि दबाव महसूश करते है। वार्ड 7 के वार्ड पार्षद चंदन चौधरी ने कहा कि जब भी बोर्ड और सशक्त समिति की बैठक होती है तो मनमाने ढंग से प्रोसेडिंग तैयार किया जाता है। इस दौरान न तो पार्षदों की राय ली जाती है और न ही वार्डों की समस्या पर ध्यान दिया जाता है। जिस कारण पार्षदों को आम जनता का कोप भाजन बनना पड़ता है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी जितनी बैठक की गई उसके प्रोसेडिंग की प्रति किसी पार्षद को नहीं दिया जाता है। इसके अलावे भी पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी व मुख्य पार्षद पर कई गंभीर आरोप लगाए। इस मौके पर उपचेयरमैन प्रतिनिधि विकास राज, सशक्त समिति के चंदन चौधरी, आनंद रावत, वार्ड पार्षद, दिनेश कुमार, छोटेलाल चौधरी, हृदयनारायण सिंह समेत कई अन्य पार्षदों के प्रतिनिधि मौजूद थे। पार्षदों ने कहा कि यदि रवैये में सुधार नहीं हुआ तो जल्दी ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**चेयरमैन ने किया आरोपों का खंडन:** वहीं चौसा नप की चेयरमैन किरण देवी ने पार्षदों के आरोप को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि इन्हें आमजन से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रोसेडिंग दिए जाने को आदेशित कर दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष के तहत, नए नगर पंचायत से जन सरोकार से बहुत सारे कार्य किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि अबतक नरबतपुर में वर्षो से जमे पानी निकासी की समस्या का निदान, रानीघाट तक लाइट की व्यवस्था, वार्ड दस में जमे पानी निकासी की व्यवस्था कराई गई। साथ ही स्वागत द्वार, सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। उन्होंने बताया की विगत 20 दिनों पहले वार्ड 13, वार्ड दो व आठ में कार्य आर्डर दे दिया गया है। लेकिन वार्ड पार्षद काम कराना नहीं चाहते।

**इसी वर्ष गठित हुआ है चौसा नगर पंचायत:** बता दें कि चौसा नगर पंचायत का इसी वर्ष गठन हुआ था। इसके पहले चौसा ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता था। लेकिन नगर विकास विभाग द्वारा इसे नगर पंचायत की श्रेणी में रखा गया तथा यहां मुख्य व उपमुख्य पार्षद का सीधे चुनाव करवाया गया था। हालांकि नगर पंचायत में परिवर्तित होने के बावजूद विकास योजनाओं को पंख नहीं लगा सका है। पार्षदों के विरोध का यही मुख्य कारण है।



# टीबी उन्मूलन के लिए निक्षय पोर्टल पर फीडिंग व मॉनिटरिंग जरूरी

**केटी न्यूज गाजीपुर**

♦ 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना हम सभी की प्राथमिकता - डीटीओ

जिले के गोरा बाजार स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बीच समस्त 16 प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) और ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (बीसीपीएम) को प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों को निक्षय पोर्टल 2.0 पर टीबी नोटिफिकेशन व निक्षय पोषण योजना की सही फीडिंग, ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग, नोटिफिकेशन और टीबी मुक्त भारत के तहत निर्धारित किए गए 11 मानकों पर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग करने पर जोर दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. मनोज कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ. मिथलेश कुमार सिंह,



जिला पीपीएम समन्वयक अनुराग कुमार पाण्डेय एवं डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. वीजी विनोद ने करीब 35 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। डीटीओ डॉ. मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शासन समेत जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद में टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है। इसके लिए समय-समय पर अभियान और विशेष शिविर लगाकर लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाना हम सभी की प्राथमिकता है। डीपीसी डॉ. मिथलेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में बीपीएम को निक्षय पोर्टल 2.0 और निक्षय पोषण योजना को लेकर की जा रही फीडिंग की सही मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। इससे जनपद की उपलब्धि बेहतर प्रदर्शित हो। बीसीपीएम को समुदाय में लोगों की ज्यादा से ज्यादा टीबी स्क्रीनिंग, नोटिफिकेशन और टीबी स्कोर के लिए निर्धारित मानकों को लेकर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग हर माह समय से की जाए। सामुदायिक स्तरीय बैठकों में लोगों के बीच टीबी के लक्षण, कारण, स्क्रीनिंग, जांच, उपचार व निक्षय पोषण योजना के तहत रोगियों को उपचार के दौरान हर माह दिए जा रहे 500 रुपये के बारे में भी ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाए। टीबी के सम्पूर्ण उपचार व इलाज अधूरा न छोड़ने के बारे में भी जानकारी दी।

## खबरें फटाफट

### तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**बलिया।** रेवती थाने की पुलिस ने रेवती– बैरिया मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार अभियुक्त को शनिवार को आर्म्स एक्ट में न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार रेवती थाने की पुलिस को सूचना मिली की रेवती– बैरिया मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास से एक युवक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ है। आरोपी युवक का नाम सन्तन बताया जा रहा है। रेवती थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रेवती– बैरिया मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ा है। तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा।

### हर्ष फायरिंग में युवक जख्मी

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के माखनपुर गांव में देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान एक 22 वर्षीय युवक को गोली गई। घटना उस समय हुई जब एक बंदूकधारी के नाल में गोली फंसी हुई थी वह बंदूक की नाल खींचकर ठोक रहे थे। भीड़ में गांव के धीरज मौर्य (22) के पैर में गोली लगी। इसके बाद बहूभोज में अफरा- तफरी मच गई। तत्काल परिजनों ने युवक को वाराणसी में भर्ती कराया। भुड़कुड़ा पुलिस उपा धीक्षक शेखर सेंगर ने बताया कि ऐसी कोई सूचना नही मिली है।

### नेत्र चिकित्सक की पत्नी का निधन

**मऊ।** जिला अस्पताल के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर लक्ष्मी शंकर चौबे की पत्नी का देहांत होने की खबर जैसे ही अस्पताल कर्मियों को हुई तो पूरे अस्पताल में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिसे देखते हुए सीएमएस डॉ एपी गुप्ता ने आपातकाल सहित सभी कार्य को स्थगित कर अस्पताल कर्मियों के साथ दो मिनट का मौन धारण कर दुख प्रकट किया। साथ ही शोकसभा का आयोज हुआ। शोकसभा में डॉ अनिल कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ जेएम त्रिपाठी, डॉ सौरभ त्रिपाठी, डॉ डीपी सिन्हा, डॉ एमके पांडे, दरोगा सिंह, महेंद्र चौहान, मक्कल यादव, अम्बरीश राय, डीवी राय, मनोज सिंह, जितेंद्र तिवारी, रितेश राय, सचिन पांडे, ललिता, ज्ञानमती, सुरेश राम आदि लोगों उपस्थित रहे।

### खेल मैदान में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**अलीनगर(चंदौली)।** थाना क्षेत्र के सरेसर वन विभाग के खेल मैदान में शनिवार को 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुटी है। अलीनगर थाना क्षेत्र के सरेसर वन विभाग के प्रांगण में शनिवार को 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव ग्रामीणों ने देखा। यह खबर क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बलिया जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

# जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए तेजी से निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

♦ शिक्षा विभाग, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों के कुल 86 मामले आए सामने

**केटी न्यूज बलिया**

सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तहसील रसड़ा में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद, चकबंदी से संबंधित, विकास, विद्युत, समाज कल्याण, कृषि, मार्केटिंग एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कुल 86 मामले आए। जिसमें से 10 मामलों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। ये सभी निस्तारित मामले राशन कार्ड नाम जोड़ने से संबंधित थे। शेष मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े। उन्होंने कड़े तेवर में चेतावनी दी कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आनंद, विनोद कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय पति द्विवेद्वी, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी सदानंद सरोज सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## गाजीपुर एसडीएम ने सुनी पीड़ितों की फरियाद, दो का किया निस्तारण

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम कमलेश सिंह, तहसीलदार ध्रुवेश कुमार सिंह, सीओ शेखर सेंगर की मौजूदगी में पीड़ितों की फरियाद सुनी गई। कुल 45 मामले आए थे, जिसमें दो का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष लेखपालों को सौंप दिए गए। तहसील के बाहर ऐसे फरियादी थे, जो काफी लंबे समय से आवेदन पर आवेदन तहसील पर देते थे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। बैठे-बैठे उनके मामले का निस्तारण कर दिया जा रहा है।

मोलनापुर तालगांव की बुजुर्ग महिला रामवती देवी स्व. इंद्रदेव मौर्य 2022 में 14 विश्वा जमीन बैनामा कराया था। उस जमीन पर अधिया खेती करने वाले लोग कब्जा करने से रोक रहे हैं। तीन बार तहसील के अधिकारियों से लेकर जिले के



अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन आज तक बैनामा भूमि पर कब्जा नहीं कराए और ना ही आवेदन का कोई निस्तारण किए। बरहा थाना बहरियाबाद के राजनाथ राम ने बताया कि भूमि की चार साल से दबंग पार्टी कब्जा करने से रोक देते हैं। भू-माफिया के खिलाफ पोर्टल पर शिकायत करने के बाद पुलिस मौके पहुंची। लेकिन कब्जा नहीं कराए। काफी प्रयास के बाद पक्की पैमाइश कराकर खूंटा अधिकारियों ने लगाया था लेकिन दबंगों ने खूंटा भी फेंक दिया।

## अलीनगर पुलिस को मिली सफलता, छह चोर गिरफ्तार

**केटी न्यूज अलीनगर**

अली नगर पुलिस ने शनिवार को बकरी चोरी करने वाले छह बकरी चोरों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से 36 बकरियां व स्कॉर्पियो व टेंपो सहित बाइक भी बरामद की।

पुलिस के अनुसार ग्राम चकिया स्थित भानु खान के मकान के पास से कुल छह शातिर बकरी चोरों को गिरफ्तार करते हुए चंदौली जिले के विभिन्न थानों से चोरी किए गए कुल 36 बकरियां व बकरों को बरामद किया। घटना को अंजाम देने के लिए चोर स्कॉर्पियो व ऑटो तथा बजाज प्लैटिना बाइक का इस्तेमाल किया करते थे। वहीं पूछताछ पर चोरों ने बताया कि हम लोगों का एक ग्रुप है. और हम लोगों का मुखिया भोनू खान है । हम लोग बकरी चोरी करने से पहले मोटरसाइकिल से रेकी करते थे, और जब स्थान निश्चित हो जाता



था कि बकरी कहां से उठानी है तो ग्रुप के सदस्यों में से कुछ चार पहिया गाड़ी से तथा कुछ बाइक से मौके पर पहुंचते थे तथा बकरियों को अपने पास रखे हुए कुछ दाना डाल देते हैं जब सब बकरियां इकट्ठा हो जाती हैं तो सभी लोग मिलकर उनको गाड़ी में लाद लिया करते हैं,फिर बकरियों को भोनू खान के घर पर ही इकट्ठा करते थे और उनको वाराणसी के व्यापारी मुस्ताक व इमरान को बुलाकर बेच देते थे। जिससे ठीक-ठाक दम मिलता था।

## भगवान राम की कथा सुनने के लिए लग रही भक्तों की भीड़

**केटी न्यूज चंदौली**

श्री राम जानकी मंदिर भदाहू में आज राम कथा के तीसरे दिन भक्तों की भीड़ और संगीतमय पाठ से आस पास का माहौल भक्तिमय हो चुका हैं। प्रभु राम की भक्ति से पूरे जगत का कल्याण होगा और सभी प्राणी में दया का भाव जगेगा महराज जी ने बताया कि स्त्री सिर्फ घर की काम करने वाली नौकरानी नही बल्कि शरीर का आधा हिस्सा होती है। जब भगवान शंकर अपनी पत्नी जगत माता पार्वती को अपने बाएं बैठाते हैं और विवाह जैसी रस्म को निभाते हैं। तो हम तो मात्र एक साधन हैं महाराज जी ने कहा आज कल महिलाओं को सिर्फ दासता झेलनी पड़ती है। ऐसा जिस घर में होता हैं प्रभु वास नही करते। हम राम कथा सुनकर अपने जीवन को धन्य कर सकते हैं। कलयुग मे अपने अंदर के राम को जगाना हैं सिर्फ मैं को मार कर।

## बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

♦ परिजनों को 50 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा

**केटी न्यूज गाजीपुर**

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए ग्राम शेरपुर खुर्द गाजीपुर निवासी बीएसएफ जवान अखिलेश कुमार राय को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश मुख्यालय पर शहीद के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा भी की है तथा शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण दिवंगत जवान अखिलेश कुमार राय के नाम पर करने की भी घोषणा की। जिलाधिकारी ने दिवंगत जवान



अखिलेश कुमार राय के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ है। जिला प्रशासन द्वारा दिवंगत जवान के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी। किसी भी तरह की कोई कमी नहीं होगी। वहीं दूसरी ओर वीर शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। सभी की आंखें नम थी। उपस्थित लोगों ने गगनभेदी नारे लगाये। भारत माता की जय से पूरा इलाका गुंजयमान हो गया था।

## सकलडीहा विकास खंड अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय रैपुरा में बाल मेला का आयोजन

# बच्चों में आत्मनिर्भरता के गुण विकसित करने की जरूरत

♦ अपने बच्चो के अंदर छुपी प्रतिभा को देखकर अभिभावक भी रह गये दंग, की सराहना

**केटी न्यूज कमालपुर(चंदौली)**

सकलडीहा विकास खंड अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय रैपुरा में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया । मेले में बच्चों ने खूब खरीदारी की। स्कूल खुलते ही विद्यालय में अन्य दिनों की अपेक्षा काफी चहल पहल देखी गयी। क्योंकि विद्यालय में मेले का आयोजन था। छात्रों ने फुल्की ' चाट



' चाउमिन ' मोमोज आलूचाप ' ब्रेड पकौड़ा ' गुलाब जामुन ' लौंगलता ' अमरूद ' कापी पेंसिल रबर ' कटर ' कार्न ' और खिलौने की दुकानें लगा रखी थी जिसमें बच्चों के अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर खरीदारी की। अन्य परिषदीय स्कूल के अध्यापकों द्वारा भी लगाए गए स्टालों से खरीदारी की गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. देवेन्द्र प्रताप यादव ने बताया कि मेला का नाम सुनकर जो बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे थे वह आने लगे थे आज अन्य दिनों से अधिक बच्चे थे ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मनिर्भरता के गुण विकसित होते हैं। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में वह अपने आप को ढाल सके। कई बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा होती है। उसे पहचानने की जरूरत होती है। उस प्रतिभा के माध्यम से बच्चे अपने जीवन के नये मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस आयोजन की हर किसी ने खुले दिल से प्रशंसा की। कहा कि इस तरह के आयोजन से ही बच्चों में कुछ नया और अलग करने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर लक्ष्मण यादव, जेपी रावत, परमानन्द शर्मा, उमेश सिंह,रमायन यादव , अहसान अली, बृजेश यदुवंशी अरुण विश्वकर्मा प्रशान्त यादव पियूष प्रजापति ' लाल बहादुर यादव महेन्द्र सिंह हरिओम तिवारी अपरपल ,संजय कुमार दिग्विजय सिंह आरती यादव सुनीता यादव , मंजू यादव ' अशोक यादव 'रामकिशुन मुकेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से बाइक के उड़े परखच्चे



**मऊ।** इंदारा फेफना रेल मार्ग के हलधरपुर हॉल्ट पर शनिवार को छपरा से वाराणसी को जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में एक बाईक सवार आ गया। जिससे बाईक के परखचे उड़ गए। इस दौरान बाईक सवार ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। यहां स्टेशन के दक्षिण तरफ स्थित लगभग आधा दर्जन गाँवों के सैकड़ो लोगों को मऊ जाने हेतु थलईपुर चट्टी आने के लिए अपनी जान दांव पर लगाकर रेलवे लाईन को पार करना पड़ता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बाईक सवार रेलवे लाईन को पार कर रहा था जिसके दौरान यह घटना घटी। घटना में ट्रेन के इंजन के नीचें फंसी उक्त बाईक घसीटते हुए लगभग पांच सौ मीटर से भी अधिक दूरी तक गई तब कहीं जाकर ड्राईवर ने ट्रेन को सही सलामत रोका। घटनास्थल पर जुटे लोगों ने बड़ी मुश्किल से बाईक को ट्रेन से अलग किया। तब कहीं जाकर ट्रेन रवाना हुई।इस दौरान लगभग आधे घंटे तक ट्रेन खड़ी रही और परेशान यात्री परेशान रहे।सूचना पाकर मौके पर पहुँचे जीआरपी एवं आर पी एफ प्रभारी ने मौके पर जरुरी जानकारी एकत्र कर आगे की कारवाई में शुरू कर दिया।

### ठगों ने दो लाख के गहनों पर किया हाथ साफ

**मऊ।** हलधरपुर थाना क्षेत्र के अरदौना गांव में ठगों ने महिलाओं को बातों में उलझाकर लाखों के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार ने थाने में दिया तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। रतनपुरा ब्लाक के अरदौना गांव निवासी शिक्षक राहुल सिंह पुत्र स्वर्गीय शम्भूनाथ सिंह रतनपुरा ब्लाक के मऊ कुबेर में प्राथमिक विद्यालय में टीचर हैं। मिली जानकारी के अनुसार ठगों ने महिलाओं से गहना साफ करने की बात करने लगे। घर कि महिलाओं को अपने बातों में उलझाकर उनसे गहनों को साफ करने के बारे में बताने लगे। कहने लगे की हमारे पास एक पाउडर है जिससे गहनें अच्छे से साफ हो जाते हैं। महिलाओं ने अंगुठी तीन पीस,कान का टप्स दो पीस, मंगलसूत्र एक पीस कुल छः थान गहना इन ठगों को दे दिया। ठगों ने झांसा देकर गहनों पर हाथ साफ कर दिया फरार हो गए। पीड़ित न इसकी जानकारी पुलिस को दी। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष हलधरपुर हरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में है। ठगों की खोज की जा रही है।

### समाज की तरक्की के लिए शिक्षा व एकजुटता जरूरी

**चंदौली।** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड संगठन का जिला सम्मेलन परमहंस लान चंदौली में आयोजित हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने समाज की तरक्की के लिए शिक्षित होने और संगठित होने पर बल दिया। साथ ही संघर्ष करने का आह्वान किया। इस दौरान राकेश शर्मा ने कहा कि जब तक कोई समाज राजनीतिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक उस समाज की पूछ नहीं होगी। इसलिए जाति के साथ-साथ जमात के भी राजनीति करनी चाहिए। हमें समाज में राजनीतिक हिस्सेदारी लेने के लिए और समाज में बराबरी का हक और अधिकार पाने के लिए संघर्ष के अलावा कोई रास्ता नहीं है। इस दौरान इंद्रजीत शर्मा ने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होकर समाज की तरक्की के लिए कार्य करना होगा तभी समाज का भला हो सकता है। इस दौरान रामभोग शर्मा, दिनेश शर्मा, जलालुद्दीन, बबलू शर्मा, डा.दिवाकर ठाकुर, माधव शर्मा, बसंत लाल आदि लोग शामिल थे। अध्यक्षता घनश्याम प्रसाद व संचालन मंडल महासचिव चंद्रशेखर शर्मा ने किया।

### जिला जज को धमकी देने वाला पुलिस पकड़ से बाहर

**बलिया।** पुलिस से आम आदमी क्या उम्मीद रखेंगे, जब जिला जज को धमकी देने वाले तक को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है। हालांकि पुलिस लगातार हाथ–पांव मार रही है, लेकिन अफसोस छह दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से आरोपी कोसो दूर है। उधर इस मामले में एसपी ने तीन सदस्यीय टीम भी गठित कर दी है, लेकिन नतीजा जीरो है। मिली जानकारी के अनुसार जिला जज अशोक कुमार को फोन पर उनके लड़के के एनकाउंटर की धमकी देने से सनसनी फैल गई थी। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अशोक कुमार उपाध्याय की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज कर लिया।पुलिस मोबाइल फोन के सहारे आरोपी तक पहुंचने का प्रयास भी कर रही है। लेकिन नतीजा टांय–टांय फिस्स। बीते 10 दिसंबर की रात 8.52 बजे जिला जज के मोबाइल फोन पर ह्वाट्स ऐप वीडियो कॉल आया था। कॉल करने वाला व्यक्ति पुलिस वर्दी में था। उसने खुद को सदर कोतवाली में तैनात बताया। उसने जिला जज को उनके लड़के का एनकाउंटर करने की धमकी दी।

### दवाओं का लाइसेंस बचाने के लिए 31 तक मौका

**चंदौली।** जनपद में 310 कीटनाशी विक्रेताओं को उनके आवेदन के समय सत्यापन करके लाइसेंस जारी किया गया है। समय-समय पर कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशी नियम 1971 में परिवर्तन होने के कारण कीटनाशी विक्रेताओं की योग्यताएं परिर्वतित होती रहती हैं। वर्तमान में यह अनिवार्य है कि कीटनाशी विक्रेता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान से सम्बन्धित स्नातक की उपाधि या किसी सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या सम्बद्ध विषयों में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम की योग्यता रखता हो। जनपद में कई फुटकर विक्रेता लाइसेंस की नई योग्यता नहीं धारित कर रहे है; ऐसे विक्रेताओं को प्रशिक्षण हेतु 31 दिसम्बर तक अन्तिम मौका दिया गया है। इसके बावजूद भी यदि वे प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो उनका लाइसेंस स्वतः निरस्त हो जायेगा। लिहाजा जनपद के समस्त कीटनाशी विक्रेता अपनी शैक्षिक योग्यता एवं लाइसेंस 22 दिसम्बर तक जिला कृषि रक्षा अधिकारी चंदौली के समक्ष प्रस्तुत कर सत्यापन कराना सुनिश्चित करेगे। कीटनाशी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए यह कदम शासन स्तर से उठाया गया है। इसके तहत दुकानदारों का मौका दिया गया है ताकि वह अपनी गलती को सुधार करते हुए अपने व्यवसाय को बढ़ायें।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक